राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – दिसंबर 2022

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,27,500 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 24,214 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 1 दिसंबर 2022 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में "रीवैम्प्ड वितरण क्षेत्र योजना" (RDSS) के अंतर्गत प्रस्तावित "यूनिफैड बिलिंग सोल्यूशन" (UBS) के लिए टास्क फोर्स की दूसरी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निदेशक एनपीएमयू (प्रभारी) ने संयोजक की भूमिका निभाई।
2. 3 दिसंबर 2022 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में पावरग्रिड और विद्युत मंत्रालय द्वारा विकसित स्मार्ट ग्रिड नॉलेज सेंटर (SGKC) मानेसर की वर्तमान स्थिति और USAID की समर्थन से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत की जा रही उन्नयन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर चर्चा हेतु बैठक हुई जिसमें निदेशक NPMU (प्रभारी) ने भाग लिया।
3. 14 दिसंबर 2022 को अध्यक्ष, के. वि. प्रा. की अध्यक्षता में "स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन" के पूर्ण ढांचे की अनुशंसा करने के लिए गठित विशेषज्ञ समूह की तीसरी बैठक आयोजन हुई जिसके संयोजक निदेशक NPMU (प्रभारी) थे। 20 दिसंबर 2022 को विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित अंतिम रिपोर्ट विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत की गई।
4. 13 दिसंबर 2022 को NSGM ने "ऑरोविले कंसल्टिंग" को USAID SAREP पार्टनरशिप प्रोजेक्ट के अंतर्गत भागीदारी के लिए "एकीकृत भवन और वितरण ग्रिड फ्लेक्सिबल सेवाओं और व्यवसायिक मॉडल" के लिए समर्थन पत्र के माध्यम से प्रोत्साहित किया।
5. 27 दिसंबर 2022 को नियमित 3-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए NSGM और SGKC, मानेसर के बीच समझौता ज्ञापन के विस्तार का प्रस्ताव विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत किया।
6. 20 दिसंबर 2022 को निदेशक NPMU (प्रभारी) ने सम्मानित वक्ता के रूप में होटल क्लेरिजेज, नई दिल्ली में आयोजित स्मार्ट मीटर साइबर सुरक्षा सम्मेलन 2022 सत्र में भाग लिया।
7. दिसंबर 2022 तक, 53 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए और लगभग 59 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं (आरईसी, ईईएसएल और राज्य डिस्कॉम से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)।

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**